आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

सोमवार 21.07.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र को देश की सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव बताया। सभी दलों के सांसदों से सत्र की सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में हो रही बारिश के बाद राज्य की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए।
- राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा— त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान की तिथियों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं। 24 और 28 जुलाई को दो चरणों में ही होगा मतदान।
- चमोली जिले में दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए पांच पोलिंग पार्टियां रवाना।

**संसद मॉनसून सत्र**

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है। यह सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 21 बैठकें होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह संसद का पहला सत्र है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की है कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा। यह सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। यह सत्र हमारी सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों के सांसदों से आज से शुरू हो रहे मॉनसून सत्र की सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने निर्धारित लक्ष्य शत—प्रतिशत हासिल किया।
इस बीच, ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के सदस्यों के शोर—शराबे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी और रुद्रप्रयाग जिले के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्रदेश में हो रही बारिश के बाद राज्य की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से वर्चुअली बातचीत कर जिलों में बारिश और सड़कों की स्थिति, चारधाम और कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं सहित बिजली, पेयजल और मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को सतर्क और अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## कांवड़ मेला

हरिद्वार में श्रावणी कांवड़ मेला अंतिम चरण में है। नगर में चारों ओर कांवड़ियों का सैलाब उमड़ रहा है। पुलिस प्रशासन मेले में व्यवस्थाएं बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। इस बीच, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, निलेश आनन्द भरणे व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आज हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने मेला क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से फीडबैक लिया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए मुस्तैदी से ड्यूटी पर डटे रहने को कहा। वहीं, डाक कांवड़ियों के वाहनों से सभी पार्किंग पूरी तरह फुल हो चुकी हैं। जिसके चलते कांवड़िये अपने वाहन सड़कों पर खड़े कर रहे हैं। इसस जाम की स्थिति बन रही है। पुलिस प्रशासन भीड़ को संभालने के साथ ही कांवड़ियों को गंतव्य की ओर रवाना करने के लिए दिन रात जुटा है।

## राज्य निर्वाचन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान की तिथियों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। चुनाव दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को ही होंगे। आयोग ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी आपातकालीन स्थितियों की वजह से किसी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर मतदान नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति के लिए ही पुनर्मतदान की तिथियां घोषित की गई हैं। 20 जुलाई को जारी आयोग का पत्र भी इसी से संबंधित है, जिसका मतदान की तिथियों में परिवर्तन से दूर दूर तक कोई संबंध नहीं है। आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान की तिथियों को लेकर किसी तरह के भ्रम में न रहें। आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने स्पष्ट किया है कि पहले चरण में 24 जुलाई को किसी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर मतदान न होने की स्थिति में पुनर्मतदान 28 जुलाई को होगा। इसी तरह, ये स्थिति यदि 28 जुलाई के मतदान के दिन उत्पन्न होती है, तो संबंधित पोलिंग स्टेशन या बूथ पर 30 जुलाई को पुनर्मतदान कराया जाएगा। पुनर्मतदान यदि आवश्यक हुआ, तो सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक कराया जाएगा। मतगणना निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को ही होगी। सचिव के अनुसार, चुनाव के दौरान पुनर्मतदान की तिथियों को हर बार घोषित किया जाता रहा है।

**पोलिंग पार्टी चमोली**

चमोली जिले में आगामी 24 जुलाई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पहले चरण के लिए के आज जोशीमठ विकासखंड के पांच दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को जोशीमठ से रवाना किया गया। इनमें द्रोणागिरी, भर्की, भेंटा, डुमक और गंणाई मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। जिले में हो रही बारिश और पोलिंग पार्टी की सुरक्षा को देखते हुए दल के साथ एसडीआरएफ के जवानों की तैनाती भी की गई है। वहीं कल 79 और परसों 174 पोलिंग पार्टियों को विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों से रवाना किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए कुल 258 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

**सावन सोमवार**

श्रावण मास के सोमवार के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न शिवालयों में बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। चम्पावत जिले के बालेश्वर, मानेश्वर, रिषेश्वर, सपतेश्वर, आदि शिव मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने दूध, घी और बेलपत्र से भगवान शिव का जलाभिषेक कर महादेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पुरोहित अनिल जोशी ने बताया कि सावन में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है।

**नक्शे/शिविर**

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नैनीताल की ओर से आवासीय और व्यावसायिक भवनों के नक्शों को स्वीकृत करने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे आज भीमताल विकास भवन में आयोजित शिविर में नैनीताल और भीमताल के 24 और हल्द्वानी के 25 नक्शे स्वीकृत किए गए। प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुक्ला ने बताया कि लोगों को भवनों के नक्शे स्वीकृत कराने में परेशानी न हो, इसलिए इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं।